E-mail ID : upjnruraldeoria@gmail.com
Mob.- 9453590179

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
भुजौली कालोनी, देवरिया–274001

पत्रांक 1703 / कार्य०8 / 284 दिनांक – 15/09/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः—**समाचार पत्र "दैनिक भाष्कर" में प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन के लिए अच्छी सड़कें तोड़ीः पाइप बिछाने के बाद मरम्मत नहीं हुई, अब आवागमन में परेशानी" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र "दैनिक भाष्कर" में "जल जीवन मिशन के लिए अच्छी सड़कें तोड़ीः पाइप बिछाने के बाद मरम्मत नहीं हुई, अब आवागमन में परेशानी" शीर्षक से प्रकाशित खबर के अन्तर्गत पेयजल योजना हेतु पेयजल आपूर्ति संचालित कराने सम्बन्धित खबर प्रकाशित हुई है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड बनकटा के टोला अहिबरन राय ग्रामीण पाइप पेयजल योजना पर ट्रान्सफार्मर खराब होने के कारण जलापूर्ति बन्द है ट्रान्सफार्मर बदलने के लिए विद्युत विभाग से सम्पर्क किया गया है। विभाग के स्टोर में अभी ट्रान्सफार्मर उपलब्ध नहीं है। ट्रान्सफार्मर उपलब्ध होने पर शीघ्र ही लगाकर पेयजल योजना से जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी एवं टुटी एवं धंसी हुई सड़कों को 15 दिवस के अन्दर ठीक करा दिया जायेगा।

भवदीय

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. सम्बन्धित सहा0अभि0 / जूनि0इंजी0।
2. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा को योजना पर दी गयी समयावधि में पेयजल आपूर्ति संचालित करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता